CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890


वर्ष - 01 | अंक - 256 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 16 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## पैंथर से भिड़ी महिला, दांतली से किया मुकाबला

### पाँच मिनट तक चला संघर्ष, ग्रामीणों ने पहुंचकर बचाया

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।** जिले के गंगापुर क्षेत्र के बालाजी नगर में रविवार सुबह एक महिला पर पैंथर ने हमला कर दिया। अचानक हुए हमले के बाद महिला ने हिम्मत दिखाते हुए करीब 5 मिनट तक पैंथर से संघर्ष किया और हाथ में मौजूद दांतली (घास काटने का औजार) से उस पर कई वार किए। बाद में महिला की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने लाठियां दिखाकर पैंथर को भगाया और महिला को उसके चंगुल से छुड़ाया।





घटना रविवार सुबह करीब 7 बजे हुई। घायल महिला समता (40) पत्नी किशनलाल जाट को उपचार के लिए तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

घायल महिला समता ने बताया कि वह सुबह अपने खेत की ओर जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में झाड़ियों के पास घात लगाकर बैठे पैंथर ने अचानक उस पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से वह घबरा गई, लेकिन खुद को बचाने के लिए उसने हिम्मत जुटाई।

समता के अनुसार उस समय उसके हाथ में फसल काटने की दांतली थी। पैंथर लगातार गुर्राते हुए उसके सिर और हाथ पर पंजों से हमला कर रहा था। बचाव के लिए उसने दांतली से पैंथर पर कई वार किए, लेकिन वह पीछे नहीं हटा। महिला ने बताया कि वार करने के बाद भी पैंथर ने उसका पैर मुंह में दबा लिया और उसे घसीटने की कोशिश की। इस दौरान वह लगातार मदद के लिए चिल्लाती रही। करीब तीन से चार मिनट तक महिला और पैंथर के बीच संघर्ष चलता रहा।

इसी दौरान महिला की चीख सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने लाठियां दिखाकर और शोर मचाकर पैंथर को वहां से भगा दिया। इसके बाद घायल महिला को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से खेतों और आसपास के जंगलों में पैंथर की गतिविधियां दिखाई दे रही हैं। कई लोगों ने सुबह और शाम के समय उसे खेतों के पास घूमते हुए भी देखा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में पैंथर की गतिविधियों पर निगरानी रखी जाए और आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## पुलिस ने बिना नंबर की थार व दो जिंदा कारतूस किए जब्त, बदमाश जंगल में फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।** जिले के शक्करगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बिना नंबर की थार गाड़ी और दो जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार गाड़ी में सवार बदमाश वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए जंगल की ओर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार 14 मार्च को मांडलगढ़ और बिगोद पुलिस से सूचना मिली कि सफेद रंग की थार गाड़ी में सवार 3-4 बदमाश तेज गति से काछोला की ओर जा रहे हैं और गोपालपुरा टोल तोड़कर आगे बढ़े हैं। सूचना पर शक्करगढ़ पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से रामपुरा गांव के पास ट्रैक्टर खड़े कर रास्ता जाम कराया। पुलिस द्वारा गाड़ी रोकने का प्रयास करने पर बदमाश थार को कच्चे रास्ते की ओर मोड़कर भागने लगे। आगे तालाब की पाल आने पर बदमाश वाहन छोड़कर जंगल की तरफ भाग गए। इनमें से एक के हाथ में बंदूक भी देखी गई।

पुलिस ने मौके पर तलाशी लेने पर वाहन से दो जिंदा कारतूस बरामद किए। थार गाड़ी बिना नंबर की है और उसके इंजन व चेसिस नंबर के आधार पर जांच की जा रही है। इस मामले में पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की है।

## रोडवेज बस स्टैंड से बैग चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार ,60 ग्राम सोने के जेवर बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।** सुभाषनगर थाना पुलिस ने रोडवेज बस स्टैंड से बैग चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 60 ग्राम सोने के जेवरात बरामद किए हैं। बरामद जेवरात की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी कैलाश कुमार विश्नोई के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की 10 मार्च को बीड़ा का खेड़ा आसींद निवासी जीवणी देवी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8 मार्च को वो भीलवाड़ा रोडवेज बस स्टैंड पर बनका खेड़ा जाने वाली बस का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान एक युवक उनके पास रखा बैग चोरी कर ले गया। बैग में कपड़ों के साथ करीब 60 ग्राम सोने के जेवर रखे थे।

मामले की जांच में पुलिस टीम ने बस स्टैंड से चित्तौड़गढ़-निंबाहेड़ा मार्ग तक करीब 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। राजकॉप ऐप के फोटो मैच फीचर की मदद से संदिग्ध की पहचान की गई। पूछताछ में आरोपी ने वारदात करना स्वीकार कर लिया। इसके बाद सहआरोपी को भी गिरफ्तार कर चोरी गए सभी जेवर बरामद कर लिए गए। गिरफ्तार आरोपियों में शंभू कीर उर्फ अजय उर्फ किशन (29) निवासी नैनपुरिया, थाना नाथद्वारा (राजसमंद) और महावीर सुवालका (38) निवासी शिवाजी नगर कांवाखेड़ा, भीलवाड़ा शामिल हैं। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## फूड डिलीवरी बॉय से विवाद के बाद दो युवकों पर हमला, पत्थरों और लोहे के पाइप से पीटा

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** महावीर नगर थाना क्षेत्र में रविवार को सड़क पर मामूली विवाद के बाद कुछ युवकों ने दो दोस्तों पर पत्थरों और लोहे के पाइप से हमला कर दिया। हमले में दोनों युवक घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार तरुण अपने दोस्त विष्णु कुमार के साथ पैदल जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक फूड डिलीवरी बॉय की बाइक से विष्णु कुमार को टक्कर लग गई। टक्कर लगने पर युवकों ने जब डिलीवरी बॉय को टोका तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई और विवाद बढ़ गया।

तरुण ने बताया कि विवाद के बाद वे दोनों शिकायत करने के लिए महावीर नगर थाने की ओर जा रहे थे। इसी दौरान डिलीवरी बॉय ने अपने साथियों को फोन कर मौके पर बुला लिया। कुछ ही देर में करीब 50 से 60 युवक वहां पहुंच गए और दोनों पर हमला कर दिया।

हमलावरों ने पत्थरों और लोहे के पाइप से दोनों युवकों पर ताबड़तोड़ वार किए। अचानक हुए हमले में विष्णु कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि तरुण को भी चोटें आईं। वहीं पास की दुकान पर मौजूद एक व्यक्ति पर भी बदमाशों ने पाइप से हमला कर दिया, जिससे वह भी घायल हो गया।

घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को तुरंत कोटा मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां विष्णु कुमार का इलाज जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर जानकारी जुटाई।

पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। हमलावरों की पहचान की जा रही है और उनकी तलाश के लिए टीम गठित की गई है। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।

## ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे की खाईवाली करते दो आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल व कार जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।** सुभाषनगर थाना पुलिस ने प्रतिबंधित एप्लिकेशन साइट पर ऑनलाइन क्रिकेट मैच पर सट्टा लगवाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन, एक वेन्यू कार और 5 हजार रुपये नकद सट्टा राशि जब्त की है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी कैलाश कुमार विश्नोई के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की 14 मार्च को अलग-अलग टीमों ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को मोबाइल के माध्यम से प्रतिबंधित वेबसाइट पर ऑनलाइन क्रिकेट मैचों पर सट्टे की खाईवाली करते पकड़ा। आरोपी टूबेट 9 और डायमंड एक्स 99 साइट पर दक्षिण अफ्रीका टी-20 और ऑस्ट्रेलिया एनसीएल महिला क्रिकेट मैच पर सट्टा लगवा रहे थे। सट्टे की राशि का लेन-देन यूपीआई के माध्यम से किया जा रहा था।

पुलिस ने मामले में मुकेश खटीक (37) निवासी रामदेवरी सांगानेर, थाना सुभाषनगर और नारायण वैष्णव निवासी आजाद नगर, थाना प्रतापनगर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने सट्टेबाजी के लिए अन्य बुकी से आईडी ले रखी थी, जिन्हें भी मामले में नामजद किया गया है। इस संबंध में सुभाषनगर थाने में दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

## घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर कार्रवाई, 16 सिलेंडर सहित उपकरण जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रसद विभाग की टीम ने शहर में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 16 घरेलू गैस सिलेंडर, 3 चूल्हे, 1 रिफिलिंग मशीन सहित अन्य उपकरण जब्त किए। जब्त सामग्री को शहर की गैस एजेंसियों विमल डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं मोदी गैस के कार्मिकों को सुपुर्द किया गया।






कार्रवाई के दौरान आर.के. कॉलोनी स्थित श्री शिव साईं मंदिर के सामने शिव शक्ति खमण सेंटर का निरीक्षण किया गया। मौके पर दुकान संचालक राजू गिरी द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर से खमण बनाकर ग्राहकों को बेचा जाना पाया गया। इस पर उसके कब्जे से 5 घरेलू गैस सिलेंडर, 1 चूल्हा, रेगुलेटर और रबर पाइप जब्त कर मोदी गैस को सौंपे गए।

इसी प्रकार आर.के. कॉलोनी स्थित गुजरात खमण की जांच के दौरान दुकान संचालक श्यामलाल अग्रवाल के कब्जे से 1 घरेलू गैस सिलेंडर और चूल्हा जब्त कर विमल डिस्ट्रीब्यूटर्स को सुपुर्द किया गया।

इसके बाद सुभाष नगर स्थित देवनारायण रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया गया। यहां रेस्टोरेंट संचालक नारायण गुर्जर द्वारा रसोई में घरेलू गैस सिलेंडर का वाणिज्यिक उपयोग कर ग्राहकों को भोजन परोसा जाना पाया गया। इस पर उसके कब्जे से 6 घरेलू गैस सिलेंडर सहित अन्य सामग्री जब्त कर विमल डिस्ट्रीब्यूटर्स को सौंपा गया।

इसके अलावा यूआईटी के सामने स्थित श्री मिठास स्वीट्स का निरीक्षण किया गया, जहां दुकान संचालक राहुल कुमावत द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग किया जाना पाया गया। उसके कब्जे से 3 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर मोदी गैस को सुपुर्द किए गए।

वहीं यूआईटी रोड स्थित एम.एस. इंजीनियरिंग के निरीक्षण में मालिक मकसूद द्वारा गैस वेल्डिंग में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जाना पाया गया। इस पर उसके कब्जे से 1 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर मोदी गैस को सौंपा गया।

जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार रसद विभाग द्वारा गठित जांच दल होटल, ढाबों, गैस एजेंसियों एवं रिफिलिंग केंद्रों का औचक निरीक्षण कर एलपीजी ऑर्डर-2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई कर रहा है। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

जिला रसद अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि अनावश्यक पैनिक बुकिंग और गैस सिलेंडरों के संग्रह से बचें, वहीं व्यापारी एवं गैस एजेंसी संचालक भी जनहित में नियमों के अनुसार कार्य करें।

इस कार्रवाई में प्रवर्तन अधिकारी सुरेश कुमार, प्रवर्तन निरीक्षक विनोद मीणा और यूडीसी राधेश्याम खटीक शामिल रहे।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

# गैस सिलेंडर के लिए उमड़ रही भीड़, घंटों लाइन में लग रहे लोग, होम डिलेवरी बंद




भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

कस्बे में रोडवेज बस स्टैंड के पीछे स्थित गैस एजेंसी के बाहर रविवार सुबह सैकड़ों लोग खाली सिलेंडर लेकर पहुंच गए। लोगों की लंबी कतारें लग गई और उपभोक्ता अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। बढ़ती गर्मी के कारण लाइन में खड़े लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

भीड़ को देखते हुए पास की दुकानों के दुकानदार भी आगे आए और लोगों के लिए पेयजल की व्यवस्था की।

बताया जा रहा है कि नगर में पिछले कुछ दिनों से गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी बंद है, जिसके चलते उपभोक्ताओं को एजेंसी से ही सिलेंडर लेना पड़ रहा है। इसी कारण अन्य दिनों की तुलना में अब सिलेंडर लेने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

गैस एजेंसी की ओर से उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों या पैनिक में आकर अतिरिक्त बुकिंग न करें। एजेंसी ने भरोसा दिलाया है कि गैस सिलेंडरों की पर्याप्त सप्लाई उपलब्ध है।

उपभोक्ता अमित ने बताया कि बढ़ती गर्मी के बीच सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक लोगों की लंबी लाइनें लग रही हैं और कई-कई घंटे इंतजार करना पड़ रहा है।

वहीं उपभोक्ता संजय ने बताया कि गैस सिलेंडर लेने के लिए पूरा दिन लाइन में खड़े रहना पड़ रहा है, जिससे लोगों के व्यवसायिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब अन्य शहरों में होम डिलीवरी जारी है तो बिजोलिया क्षेत्र में भी इसे दोबारा शुरू किया जाना चाहिए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और अफवाहों पर भी विराम लगे।

## चामुंडा माता मंदिर की दान पेटी खोली, 82 हजार 150 रुपये निकले



भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास

**(रोशन)** बरूदनी क़स्बा स्थित चामुंडा माता मंदिर में रविवार को विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के बाद मंदिर की दान पेटी खोली गई। दान पेटी की गिनती मंदिर कमेटी की मौजूदगी में की गई।

गिनती के दौरान दान पेटी से कुल 82 हजार 150 रुपये की राशि प्राप्त हुई।

इस अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रामराय लढा, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार सोमानी, मंत्री शंकर मीणा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने आगामी नवरात्रि पर्व पर मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर भी चर्चा की।

## पतंजलि परिवार का युवा भारत सम्मेलन, संगीत के साथ योग प्रदर्शन



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पतंजलि परिवार भीलवाड़ा की ओर से गौतम शिक्षण संस्थान परिसर में युवा भारत सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत कल्की राम ने की, जबकि मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कवि राजेंद्र गोपाल व्यास रहे।

सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास में स्वस्थ और संस्कारी युवाओं की अहम भूमिका होती है। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार योग और प्राणायाम के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ और संस्कारित बनाने का कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम में योग शिक्षकों ने जल नेति व रबर नेति जैसी शटकर्म क्रियाओं का प्रदर्शन किया। बालक-बालिकाओं ने संगीत के साथ योगाभ्यास प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

इस अवसर पर योग शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में योग साधक मौजूद रहे। अंत में सभी ने नियमित योग करने का संकल्प लिया।

## आसीन्द में भाजपा के दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण महाअभियान का आगाज



भीलवाड़ा फोकस @ आसीन्द ।

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आसीन्द नगर मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण महाअभियान का शनिवार को रॉयल वाटिका में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक जब्बर सिंह सांखला के मुख्य आतिथ्य में हुआ। प्रशिक्षण के पहले दिन दो सत्र आयोजित किए गए। पहले सत्र में मुख्य वक्ता एडवोकेट उम्मेद सिंह राठौड़ ने भाजपा की विचारधारा, राजनीतिक इतिहास और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में अमित सारस्वत ने सोशल मीडिया, सरल ऐप और नमो ऐप के प्रभावी उपयोग की जानकारी देते हुए सरकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के तरीकों पर चर्चा की।

नगर मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह तंवर ने बताया कि यह दो दिवसीय कार्यशाला 14 से 15 मार्च तक आयोजित की जा रही है। वर्ग प्रभारी गोपाल सिंह चुंडावत के अनुसार आयोजन में मंडल टोली, मोर्चा अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, नगर पालिका पार्षद सहित कई पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में अंत्योदय के संकल्प को साकार करने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। दूसरे दिन भी प्रदेश व जिला स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देंगे।

## होली स्नेह मिलन समारोह में देवउठनी एकादशी पर सामूहिक विवाह सम्मेलन की घोषणा



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राजस्थान सुवालका (कलाल) महासभा संस्थान की ओर से नेहरू विहार रिंग रोड स्थित सुवालका भवन में होली स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभाध्यक्ष प्रभुलाल बावलास सहित वरिष्ठ समाजजनों ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की।

प्रदेशाध्यक्ष कैलाश सुवालका (सांगानेर) ने बताया कि आगामी देवउठनी एकादशी पर हरनी महादेव में विशाल सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समाजजनों से सुझाव लिए गए और 21 सदस्यीय समिति का गठन किया गया।

प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण सुवालका ने असहाय एवं विधवा माताओं के बच्चों का सम्मेलन में निःशुल्क विवाह कराने का प्रस्ताव रखा, जिसका सभी ने समर्थन किया। कार्यक्रम में शंकरलाल सुवालका (बैशकलाई) को महासभा के युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश प्रभारी मनोनीत किया गया।

समारोह में समाजबंधुओं ने धार्मिक भजनों पर फूलों की होली खेलते हुए एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्यामलाल फुकिया सहित कई समाजजन उपस्थित रहे।

## राजस्थान दिवस पर ओडीओपी मेला व प्रदर्शनी का शुभारंभ



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

राजस्थान दिवस समारोह के अवसर पर ग्रामीण हाट में रविवार को ओडीओपी एक जिला एक उत्पाद मेला व प्रदर्शनी का शुभारंभ अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) प्रतिमा देवटिया ने मौली बंधन खोलकर किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

उद्योग विभाग के संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक कमलेश कुमार मीना ने बताया कि मेले में जिले के प्रमुख टेक्सटाइल उत्पादों सहित लगभग 25 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। इनमें रेडीमेड वस्त्र, डेनिम, फैब्रिक, सूटिंग, अचार, पापड़, चॉकलेट, मुरब्बे, बैग, पौधे, खादी उत्पाद, इमिटेशन ज्वैलरी और हर्बल उत्पाद आकर्षण का केंद्र हैं।

जिला प्रशासन व जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह मेला 15 से 19 मार्च तक चलेगा। 16 मार्च को समूह योगासन प्रस्तुति, 17 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम, 18 मार्च को औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर और 19 मार्च को फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मेवाड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, लघु उद्योग भारती सहित कई उद्यमी और अधिकारी उपस्थित रहे।

## मदरसा शाह कलंदरिया में पेश इमाम जाकिर का किया स्वागत, 21 हजार का नजराना भेंट



भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**मानव तिवारी ।** मदरसा शाह कलंदरिया में रविवार को पेश इमाम जाकिर हुसैन साहब का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मदरसा कमेटी की ओर से उनका इस्तकबाल करते हुए 21 हजार रुपये का नजराना भेंट किया गया और माला पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में कमेटी के सदर हाजी सत्तार फौजदार, सेक्रेटरी सद्दाम हुसैन शाह, खजांची अनवर हुसैन और सरपरस्त हाजी मुख्तियार भाई ने पेश इमाम जाकिर हुसैन साहब को नजराना पेश किया। इस मौके पर छोटी मस्जिद के पेश इमाम केसर राजा साहब को भी नजराना भेंट कर सम्मानित किया गया।

समारोह में अख्तर भाई (ट्रांसपोर्ट), नीसार कुरैशी, हाजी अकरम लोहार, शाहिद हुसैन ट्रेलर, सद्दाम शाह, साबिर शाह, हाजी रुस्तम, हबीबुर रहमान, परवेज आलम, इमरान हुसैन सहित समाज के कई लोग मौजूद रहे।

## दुर्गा शक्ति अखाड़ा का होली महोत्सव, हजारों महिलाओं ने खेली गुलाल की होली



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

होली के पावन पर्व पर दुर्गा शक्ति अखाड़ा की ओर से नेहरू रोड स्थित मालियों के नोहरे में होली महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर की हजारों बहनों और मातृशक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली का पर्व मनाया।

कार्यक्रम की शुरुआत हरी सेवा धाम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसाराम जी ने की। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक रहने और जरूरत पड़ने पर अस्त्र-शस्त्र चलाना सीखने की प्रेरणा दी।

अखाड़े के पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई।

## कारोई में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यकर्ताओं को दी संगठन व विचारधारा की जानकारी



भीलवाड़ा फोकस @ गुरला ।

कारोई भाजपा ग्रामीण मंडल की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत 14 व 15 मार्च को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ।

उद्घाटन सत्र में उपजिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर, किसान मोर्चा अध्यक्ष शंकरलाल जाट और भाजपा जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। दूसरे सत्र में भीलवाड़ा नगर निगम के पूर्व महापौर राकेश पाठक ने संगठन की कार्यप्रणाली, पार्टी की विचारधारा और जनसेवा के विषय में मार्गदर्शन दिया।

दूसरे दिन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक बालूलाल चौधरी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा संयोजक रामेश्वरलाल छीपा ने की।

इस दौरान गोपाललाल तेली, राजेंद्र सालवी, शंभूलाल गुर्जर, सत्यनारायण सेन, सावरनाथ, देवी लाल राव, धर्मराज सालवी, बंसी गाडरी, प्रभु कुमावत सहित कई भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




QUICK BITES

# जफर हुसैन टॉक बने अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।



अखिल भारतीय अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी की अनुशंसा पर राजस्थान प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस में नई नियुक्तियाँ की गई हैं। इसी क्रम में प्रदेशाध्यक्ष एम. डी. चोपदार ने मांडलगढ़ के नगर पालिका पूर्व चेयरमैन जफर हुसैन टॉक को प्रदेश उपाध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है।

जफर हुसैन टॉक की इस नियुक्ति पर उनके समर्थकों और शुभचिंतकों ने खुशी का इजहार किया हैं। समर्थकों का कहना है कि उनकी नियुक्ति से कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलेगी और अल्पसंख्यक समाज से जुड़ी समस्याओं को प्रदेश स्तर पर प्रभावी तरीके से उठाया जा सकेगा।

अपनी नियुक्ति पर जफर हुसैन टॉक ने राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने और अल्पसंख्यक समाज के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ग्रामीण जिला अध्यक्ष इकबाल मोहम्मद शाह ने जफर हुसैन टॉक को प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई दी।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकी शाहपुरा की प्रतिभा, ख्याति मेहता को विश्व की 15 सम्मानित महिलाओं में मिला स्थान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**मूलचन्द पेसवानी**



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शाहपुरा की प्रतिभा ने एक बार फिर नगर का गौरव बढ़ाया है। अमेरिका की प्रतिष्ठित आईटी कंपनी स्न्न क्क्षह द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आईटी एवं वेलफेयर क्षेत्र में विश्व की 15 विशिष्ट महिलाओं की सूची जारी की गई, जिसमें शाहपुरा से जुड़ी प्रतिभा ख्याति मेहता को 9वां स्थान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि इस सूची में भारत से उन्हें प्रथम स्थान पर सम्मानित किया गया है।

शाहपुरा के प्रतिष्ठित रतनलाल एवं नजर देवी सेठी की पौत्रवधू तथा राजेन्द्र और ऋतु सेठी की पुत्रवधू, यश सेठी की धर्मपत्नी ख्याति मेहता को यह सम्मान प्राप्त होना पूरे नगर, सेठी परिवार और दिगम्बर जैन समाज के लिए गर्व और खुशी का विषय है। उनकी इस उपलब्धि पर नगरवासियों, समाजबंधुओं तथा परिचितों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

ख्याति मेहता सेल्सफोर्स इकोसिस्टम की एक ऊर्जावान एवं प्रेरणादायक लीडर हैं तथा डब्ल्यूआईटी ड्रीमिन' (WIT Dreamin) की संस्थापक भी हैं। उनकी विशेषता लोगों को आपस में जोड़ना, कम्युनिटी को सशक्त बनाना और नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

सेल्सफोर्स इकोसिस्टम में वे मार्केटिंग चैंपियन, सर्विसब्लेजर एपीएसी की ग्रुप लीडर, ट्रेलब्लेजर कम्युनिटी फोरम एम्बेसडर, ट्रेलहेड मेंटर तथा भारत में पॉडकास्ट होस्ट के रूप में सक्रिय योगदान दे रही हैं। इसके साथ ही वे टॉप-10 आंसर कम्युनिटी लीडर के रूप में भी लोगों को निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान कर रही हैं।

दूसरों को आगे बढ़ाने की उनकी प्रतिबद्धता उनके हर प्रयास में स्पष्ट दिखाई देती है। चाहे डब्ल्यूआईटी ड्रीमिन' के तीन सफल संस्करणों का आयोजन हो, नए लोगों को मार्गदर्शन देना हो या अनुभवी पेशेवरों को नई दिशा प्रदान करना–वे हर क्षेत्र में प्रेरणादायक भूमिका निभा रही हैं।

उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से न केवल सेठी परिवार बल्कि शाहपुरा नगर एवं सम्पूर्ण दिगम्बर जैन समाज का नाम राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी गौरवान्वित हुआ है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# त्रिवेणी में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।



त्रिवेणी में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आयोजित किए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर के तहत महुआ मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ उद्घाटन सत्र के साथ हुआ। प्रशिक्षण के दौरान भाजपा का इतिहास, कार्य पद्धति, सोशल मीडिया का उपयोग, बूथ मैनेजमेंट तथा सरकार की उपलब्धियों सहित विभिन्न विषयों पर अलग-अलग वक्ताओं द्वारा कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई। शिविर में करीब 200 कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में विधायक गोपाल खंडेलवाल, पूर्व जिला महामंत्री रोशन मेघवंशी, विधानसभा संयोजक अनिल कुमार पारीक और मंडल अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा मौजूद रहे। शिविर में वक्ता के रूप में भाजपा नेता राजेश सेन, आजाद शर्मा, सुरेंद्र सिंह, भारत सिंह, बजरंग सिंह राणावत, शंकर गुर्जर, गोवर्धन वैष्णव ने विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया। इस दौरान महामंत्री कैलाश सुखवाल, सरपंच हरजी रायका, मंडल उपाध्यक्ष उकार बेरवा, रणवीर सिंह शक्तावत, शंकरनाथ योगी, मंडल मंत्री राकेश गर्ग, नरेश रायका, दिलीप कुमार वैष्णव, कान सिंह राणावत सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निःशुल्क बीपी-शुगर जांच शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




लाडो सेवा फाउंडेशन की ओर से रविवार को बापूनगर स्थित हेमू कालाणी उद्यान में निःशुल्क उच्च रक्तचाप (बीपी) एवं शुगर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

संस्था के संस्थापक एडवोकेट लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने बताया कि लाडो सेवा फाउंडेशन द्वारा सेवा के क्षेत्र में समय-समय पर विभिन्न सामाजिक कार्य किए जाते हैं। इसी क्रम में चिकित्सा क्षेत्र में आमजन को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि चिकित्सा क्षेत्र में आम लोगों की सहायता के लिए बहादुर सिंह निरंतर सक्रिय रहते हैं। रविवार सुबह 6 बजे शुरू हुए शिविर में मातृशक्ति एवं वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य जांच करवाई। राठौड़ ने बताया कि संस्था समाजहित में ऐसे सेवा कार्यों का नियमित रूप से आयोजन करती रहती है। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद लव कुमार जोशी, एडवोकेट नरेन्द्र सिंह राठौड़, दीपेंद्र सिंह शेखावत, मूमल चुंडावत, केदार सैनी, राजवीर सिंह राणावत सहित लाडो सेवा फाउंडेशन की गंगा सुवालका, पायल सेन, पायल साहू, भावना, वंशिका राजावत, संध्या स्वाइन, कविता सालवी, कोमल, मुस्कान खारोल, संध्या यादव, मुस्कान यादव, निशा वर्मा, निशा राव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चेटीचंड महापर्वः सिंधी समाज ने 72 शिक्षाविदों का किया सम्मान, 'नारी तू नारायणी' पुस्तक का लोकार्पण







भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**मूलचंद पेसवानी।**

सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल साहब के अवतरण दिवस के प्रतीक चेटीचंड महापर्व के अंतर्गत चल रहे 10 दिवसीय आयोजनों के क्रम में रविवार को पाँचवें दिन एक गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शहर के स्टेशन चौराहा स्थित मशीनरी मार्केट के निकट दादा हेमराजमल भगत झूलेलाल सनातन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में समाज के 72 शिक्षाविदों एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़े कर्मियों को तिलक, पुष्पहार और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने बताया कि समारोह में शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों और स्वयंसेवी शिक्षकों का अभिनंदन कर उनके कार्यों की सराहना की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, गुलाबपुरा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष चेतन पेशवानी, विधायक अशोक कोठारी के कार्यालय प्रभारी बाबूलाल टांक, मेवाड़ यूनिवर्सिटी के निदेशक हरीश गुरनानी, डॉ. गिरीश दत्ता, पूर्व अतिरिक्त कलेक्टर प्रशासन हुंदल विधानी, प्रेस क्लब भीलवाड़ा के उपाध्यक्ष मूलचंद पेसवानी, प्रमुख व्यवसायी मनोहर बदलानी तथा वरिष्ठ समाजसेवी लालचंद नथरानी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

समिति के महामंत्री हरीश कुमार सखरानी ने बताया कि इस अवसर पर समाज की कवयित्री कविता रामचंदानी द्वारा नारी शक्ति पर आधारित पुस्तक 'नारी तू नारायणी' का भी अतिथियों द्वारा लोकार्पण किया गया।

संस्थाध्यक्ष गुलशन कुमार विधानी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि समाज में शिक्षा का प्रसार और संस्कारों का संवर्धन शिक्षकों के समर्पण से ही संभव है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सोनिया टहलानी, द्रोपदी सिंधी, खुशबू लालवानी, पदमा वाधवानी, राम नानकानी, दिव्या खोतानी, दर्शना आडवानी, मधु तेजवानी, मेघा केवलानी, सुनीता नानकानी सहित भारतीय सिंधु सभा एवं मुस्कान फाउंडेशन द्वारा संचालित शिक्षण गतिविधियों में योगदान देने वाले कई स्वयंसेवी शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा और विधायक प्रतिनिधि बाबूलाल टांक ने सिंधी समाज को पुरुषार्थ, परिश्रम और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बताते हुए कहा कि समाज ने शिक्षा, व्यापार और सेवा के क्षेत्र में देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण की आधारशिला होते हैं और उनका सम्मान वास्तव में ज्ञान और संस्कारों का सम्मान है।

कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों ने भगवान झूलेलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर टेऊंराम भगत, मंघाराम भगत, लाल भगत, कमल वैशनानी, मनोहर लालवानी, हरीश मानवानी, गंगाराम पेशवानी, राजेश माखीजा, तुलसी सखरानी, तुलसी नथरानी, सुरेश घबरानी, विनोद झुरानी, नाका रामसिंघानी, जितेंद्र रंगलानी सहित समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदू परिषद महानगर की बैठक सम्पन्न, आगामी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।





विश्व हिंदू परिषद महानगर की जिला बैठक रविवार को आदर्श विद्या मंदिर, शास्त्री नगर में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की आगामी योजनाओं और कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

महानगर प्रचार-प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने बताया कि बैठक का शुभारंभ प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश बुलिया, प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख विनीत द्विवेदी, विभाग मंत्री विजय ओझा, महानगर मंत्री ओमप्रकाश लड्ढा, उपाध्यक्ष भारत गेंगट और मधुबाला यादव द्वारा दीप प्रज्वलन तथा राम दरबार पर तिलक लगाकर किया गया।

बैठक में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश बुलिया ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान वक्ताओं ने संगठन के उद्देश्य, सामाजिक समरसता, धार्मिक जागरूकता और सेवा कार्यों को लेकर विचार रखे। साथ ही धर्मांतरण, लव जिहाद, गोरक्षा और नशे जैसी सामाजिक समस्याओं पर भी चर्चा की गई।

वक्ताओं ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसके लिए संगठन के कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करना होगा और सेवा कार्यों को और अधिक गति देनी होगी। बैठक में प्रांत से बालमुकुंद शर्मा, महानगर से मुकेश प्रजापत, हितेश नाथ, सौम्या मेहता, सुशील सुवालका, नीलेश सोनी, सतु बजरंगी, घनश्याम खंडेलवाल, अनिल बांठिया, विकास सुवालका, राजकुमार माली, प्रीतेश जेथलिया, गौरव जीनगर, रवि सोनी, राम लखन तथा प्रखंड से लक्ष्मण सिंह, मान सिंह, योगेश सोनी, शुभम मिश्रा, अर्जुन साहू, राहुल शर्मा, नवीन आर्य, कैलाश साहू, प्रमोद शर्मा, पिंकेश, देवेंद्र सिंह सहित खंड कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन महानगर सहमंत्री सौम्य मेहता ने किया। बैठक के अंत में नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई।

# ऊपरमाल धाकड़ समाज का 27वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 26 अप्रैल को, तैयारियां तेज; अब तक 41 जोड़ों का पंजीयन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**



**(नरेश धाकड़)**। ऊपरमाल धाकड़ समाज के 27वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रविवार को आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सेकंडरी स्कूल प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। सम्मेलन कमेटी के अध्यक्ष ओंकारलाल धाकड़ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आगामी आयोजन को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में जानकारी दी गई कि समाज का 27वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आगामी 26 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के लिए अब तक 41 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है और पंजीयन की प्रक्रिया लगातार जारी है। आयोजन को सफल एवं व्यवस्थित बनाने के लिए समिति द्वारा अलग-अलग व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां तय की जा रही हैं। बैठक में विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट की चेयरमैन दीपशिखा धाकड़ भी मौजूद रहीं। इस दौरान ट्रस्ट की ओर से आगामी 4 अप्रैल को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में मांडलगढ़ के पूर्व विधायक स्वर्गीय विवेक धाकड़ की प्रतिमा का अनावरण आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सेकंडरी स्कूल परिसर में किया जाएगा।


बैठक में सम्मेलन और प्रतिमा अनावरण समारोह की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। आयोजन से जुड़े विभिन्न कार्यों के लिए टेंडर जारी करने का निर्णय भी लिया गया, ताकि सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जा सकें।

समिति के पदाधिकारियों ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज की एक महत्वपूर्ण परंपरा है, जिससे सामाजिक एकता मजबूत होती है और जरूरतमंद परिवारों को भी सहयोग मिलता है।

सम्मेलन की तैयारियों को लेकर अगली बैठक अगले रविवार को आयोजित की जाएगी, जिसमें अब तक हुई तैयारियों की समीक्षा कर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

# बनकाखेड़ा में कल निकलेगी विशाल कलश यात्रा व भव्य शोभायात्रा, 17 मार्च से श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**



**(सांवर वैष्णव)**। कस्बे के निकटवर्ती बनकाखेड़ा गांव में स्थित मोचड़िया के मण्ड देवनारायण भगवान मंदिर प्रांगण में श्री श्री 1008 श्री बानोड़ा बालाजी के सान्निध्य में श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ का आयोजन 17 मार्च से प्रारंभ होगा। आयोजन की शुरुआत से एक दिन पूर्व सोमवार को विशाल जल कलश यात्रा एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

श्री बानोड़ा बालाजी सेवा मंडल के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ के अंतर्गत पांच दिवसीय पंचकुंडीय यज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु दंपति आहुतियां अर्पित करेंगे। महायज्ञ की पूर्णाहुति 21 मार्च को होगी।

महायज्ञ से पूर्व सोमवार को विशाल जल कलश यात्रा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में बनकाखेड़ा सहित ढ़ेलाणा, सोपुरा जाटों का, डसाणिया का खेड़ा, सवाईपुर, सालरिया, ककरोलिया माफी, लसाडिया, कंवलियास, चावंडिया और बड़ला सहित आसपास के गांवों से भगवान चारभुजा नाथ के 22 बेवाण शोभायात्रा के रूप में मोचड़िया के मण्ड देवनारायण मंदिर पहुंचेंगे। आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं।

कार्यक्रम के अंतर्गत 21 मार्च को पूर्णाहुति के दिन दोपहर 2:15 बजे भगवान श्री चारभुजा नाथ और यज्ञ लक्ष्मी का पाणिग्रहण संस्कार भी संपन्न होगा।

आयोजकों ने बताया कि 16 मार्च से 21 मार्च तक प्रतिदिन रात्रि में भजन संध्या एवं बगड़ावत कथा का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

# श्रीमद्भागवत कथा में राम और कृष्ण लीला का भावपूर्ण वर्णन, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**





ऋष्य श्रृंग संस्थान, हरणी महादेव रोड स्थित परिसर में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में पंचम दिवस पर कथावाचक अथर्ववेदाचार्य भगवतीकृष्ण महाराज ने राम चरित्र, राम भक्ति और भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान भक्ति रस में डूबे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा पांडाल भक्तिमय माहौल से सराबोर हो गया।

कथावाचक भगवतीकृष्ण महाराज ने कहा कि भगवान की लीलाएं और उनका पृथ्वी पर अवतरण समस्त सृष्टि के कल्याण के लिए होता है। ईश्वर की भक्ति मनुष्य ही नहीं बल्कि समस्त जीव-जंतुओं के कल्याण और मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से की गई भक्ति से जीवन सफल होता है और भगवान का सान्निध्य प्राप्त होता है।

कथा के दौरान महाराज ने राम भक्ति से जुड़े प्रसंगों के साथ-साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और माखन चोर लीला का भी विस्तार से वर्णन किया। इस दौरान 'जिस ओर नजर डालूं उस ओर तुझे ही पाया है सांवरे', 'रामा-रामा रटते-रटते बीती रे उमरिया', 'मैं शबरी भीलनी की जाई' जैसे भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। वहीं कृष्ण लीला के प्रसंग में 'रंग मत डाले रे सांवरिया' और 'नंद के घर लाला जायो है' जैसे भजनों से पूरा पांडाल भक्तिरस में डूब गया।

आयोजन से जुड़े पारीक परिवार खजूरी वाले के सदस्यों ने बताया कि स्वर्गीय जगदीश प्रसाद पारीक की पावन पुण्य स्मृति में मेवाड़ धरा के सुप्रसिद्ध कथावाचक भगवतीकृष्ण महाराज के श्रीमुख से पितृ मोक्षदायिनी श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। परिवार के सदस्य हर्षवर्धन, प्रहलाद, बालमुकुंद, बालस्वरूप, रविशंकर, विवेक पारीक सहित समस्त पारीक परिवार ने बताया कि यह कथा 11 मार्च से 17 मार्च तक प्रतिदिन मध्यान्ह 12:15 बजे से 4:15 बजे तक ऋष्य श्रृंग संस्थान, हरणी महादेव रोड, शास्त्रीनगर में आयोजित की जा रही है।

इसके साथ ही 14 से 16 मार्च तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे नानी बाई का मायरा का भव्य आयोजन भी किया जा रहा है। पारीक परिवार की ओर से श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने का आग्रह किया गया है।

# महासाध्वी कुमुदलता मसा का धिकोला स्थित कलश रिसोर्ट में मंगल प्रवेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



ज्योतिष चन्द्रिका महासाध्वी कुमुदलता मसा आदि ठाणा-4 का रविवार को डुंगरी चौराहा धिकोला स्थित कलश रिसोर्ट में श्रद्धा और भक्ति के साथ मंगल प्रवेश हुआ। साध्वी श्री के आगमन पर श्रावक-श्राविकाओं ने मंगल गीतों और जयकारों के साथ स्वागत किया।

धर्मसभा में महासाध्वी कुमुदलता मसा ने प्रवचन देते हुए कहा कि धर्म मनुष्य के जीवन का सच्चा पथप्रदर्शक है। उन्होंने संयम, सदाचार, अहिंसा और करुणा को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि इन्हीं मूल्यों से समाज में सुख-शांति और सद्भाव बना रहता है।

मनीष बम्ब ने बताया कि सोमवार को महासाध्वी कुमुदलता मसा का मंगल प्रवेश सरदारनगर चौराहा स्थित खंडेलवाल रिसोर्ट में होगा। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी शाहपुरा राजेश आर्य सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

# रन फॉर विकसित राजस्थान दौड़ आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कड़ी में रविवार को सुबह 8 बजे जिला कलक्टर कार्यालय से पुलिस लाइन तक 'रन फॉर विकसित राजस्थान' दौड़ का आयोजन जिला प्रशासन एवं जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र द्वारा किया गया। दौड़ को अतिरिक्त जिला कलक्टर ( शहर ) श्रीमती प्रतिभा देवठिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि प्रारंभ में साइकिल क्लब के सीनियर सिटीजंस एवं साइकिल सवार नन्हें बालकों ने साइकिलिंग करके पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया उसके उपरांत दौड़ प्रारंभ हुई जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों ,शारीरिक शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, स्काउट एवं गाइड ने भाग लिया।

# एनएच-148डी फोरलेन को लेकर ग्रामीणों का विरोध, पडेर में बाईपास की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**



**(गजानंद जोशी)**। पडेर क्षेत्र से गुजर रहे नेशनल हाईवे-148डी के फोरलेन व सड़क चौड़ीकरण को लेकर क्षेत्रवासियों का विरोध लगातार जारी है। इसी को लेकर रविवार को बालाजी मंदिर परिसर में ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पडेर में बाईपास निकालने की मांग पर चर्चा की गई।

बैठक में तय किया गया कि सोमवार को जहाजपुर में होने वाली आपत्तियों संबंधी महत्वपूर्ण बैठक में ग्रामीणों की ओर से बाईपास का प्रस्ताव रखा जाएगा, जिस पर उच्च अधिकारियों द्वारा विचार किया जाएगा। इस संबंध में ग्रामीणों ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नाम ज्ञापन भेजते हुए जिला कलेक्टर भीलवाड़ा को भी मांगों से अवगत कराया। लोकेश शर्मा ने बताया कि पडेर के बाजार को बचाने के लिए बाईपास की सख्त जरूरत है। यदि फोरलेन गांव के बीच से निकाली गई तो मंदिर, धर्मशाला, मकान और दुकानों सहित पूरा बाजार प्रभावित होगा, जिससे लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

## QUICK BITES

# शिक्षक संघ (सियाराम) का प्रदेश महासमिति अधिवेशन 22 को दौसा में

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) की प्रदेश महासमिति का एक दिवसीय अधिवेशन 22 मार्च,रविवार को दौसा में आयोजित होगा। जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार शर्मा एवं जिला मंत्री महेश मंडोवरा ने बताया कि अधिवेशन में प्रदेश महासमिति के सदस्य भाग लेंगे व विभिन्न शैक्षिक समस्याओं पर चिंतन करेंगे। साथ ही संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव भी संपन्न होंगे। इस महासमिति अधिवेशन में भीलवाड़ा जिले से प्रदेश महासमिति के पंद्रह सदस्य भाग लेंगे।

# यातायात सलाहकार सेवा समिति की नई कार्यकारिणी का विस्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



शहर की यातायात सलाहकार सेवा समिति के अध्यक्ष भरत सिंह राजावत ने समिति की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। इसमें निरंजन तिवाड़ी, ओमप्रकाश व्यास, राकेश सक्सेना एवं जगदीश चन्द्र शर्मा को संरक्षक मनोनीत किया गया है। वहीं पुष्कर दत्त व्यास को सचिव तथा दिनेश बाहेती को कोषाध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई है। संगठन की मजबूती के लिए अनिल कुमार व्यास एवं अनुपम संघेती को उपाध्यक्ष और रतन गुर्जर एवं गोपाल जाट को संगठन मंत्री बनाया गया है।

# मां कर्मा देवी जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



कस्बे में स्थानीय साहू समाज की ओर से मां कर्मा देवी जयंती महोत्सव के अवसर पर रविवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे नगर में भक्तिमय माहौल बना रहा।

समाज के राहुल नैणवा ने बताया कि रविवार सुबह कस्बे के प्रसिद्ध धाम बावन माता मंदिर से गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा जहाजपुर गेट, निचला बास, गढ़ चौक, कुंड गेट, त्रिपटा बाजार, सदर बाजार और शाहपुरा गेट होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल बावन माता मंदिर पहुंची।

शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं। वहीं समाज के युवक-युवतियां बैंड की धुन पर थिरकते नजर आए। जुलूस में मां कर्मा देवी की आकर्षक सजी झांकी वाहन में विराजमान थी, जबकि श्रद्धालु ध्वज-पताका लेकर जुलूस के आगे-आगे चल रहे थे।

कार्यक्रम स्थल बावन माता मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ आयोजित समारोह में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं समाजसेवियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज के महेंद्र कुमार नैणावा ने कहा कि समाज में एकता और संगठन बेहद आवश्यक है, तभी समाज का समग्र विकास संभव हो सकता है। उन्होंने मृत्युभोज, बाल विवाह और पैरावण जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया। जयंती महोत्सव के चलते रविवार को साहू समाज के सभी प्रतिष्ठान बंद रहे। वहीं शनिवार रात साहू पंचायत भवन में भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें कलाकारों ने मां कर्मा देवी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। भजन गायक हरजीराम तितरियां ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

# 700 मीटर सड़क निर्माण की मांग को लेकर आसीन्द प्रेस क्लब का धरना दूसरे दिन भी जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ आसीन्द ।**




कस्बे में बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी के विरोध में आसीन्द प्रेस क्लब का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। पत्रकारों ने कस्बे की मुख्य सड़क के करीब 700 मीटर हिस्से का निर्माण नहीं होने पर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। प्रेस क्लब सदस्यों का कहना है कि लंबे समय से सड़क बदहाल स्थिति में है। धूल और गड्ढों के कारण आम लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। कई बार प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो पाया।

धरने को स्थानीय व्यापारिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और आम नागरिकों का समर्थन मिल रहा है। बड़ी संख्या में लोग धरना स्थल पर पहुंचकर पत्रकारों की मांग को जायज बता रहे हैं।

पत्रकारों का कहना है कि जब तक सड़क निर्माण को लेकर ठोस आश्वासन नहीं मिलता और काम शुरू नहीं होता, तब तक उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। साथ ही चेतावनी दी गई है कि जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।